सं. ए-46011/2/2022-स्थापना

भारत सरकार

वस्त्र मंत्रालय

*****

उद्योग भवन, नई दिल्ली

दिनांक : 24th फरवरी, 2026.

**रिक्ति परिपत्र**

केंद्र सरकार के तहत नीचे दी गई पात्रता शर्तों के अनुसार उन पात्र अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जो वस्त्र आयुक्त कार्यालय, वस्त्र मंत्रालय, मुंबई में पे मैट्रिक्स 123100-215900 रुपए के लेवल -13 में संयुक्त वस्त्र आयुक्त (अर्थशास्त्र), सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'ए', राजपत्रित, गैर-मंत्रालयी के 1 (एक) पद पर प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) के आधार पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के इच्छुक हैं।

2. प्रतिनियुक्ति पर विचार किए जाने वाले अधिकारियों के लिए पात्रता की शर्तें निम्नलिखित हैं:-

केन्द्र सरकार के अधीन ऐसे अधिकारी:-

(क) (i) जो मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हों

**या**

(ii) मूल कैडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स 78800-209200 रुपये या समकक्ष में लेवल-12 में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद ग्रेड में पांच साल की सेवा पूर्ण की हो

**और**

(ख) नीचे निर्धारित शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव होना चाहिए:

अनिवार्य:-

i. इस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया या इस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एंड वर्क अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के सदस्य हों या इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सैक्रेटरीज की सदस्यता या समकक्ष

या

ii. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से वित्तीय प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ व्यवसाय प्रबंधन में मास्टर डिग्री या समकक्ष

या

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से अर्थशास्त्र या सांख्यिकी या वाणिज्य में मास्टर डिग्री या समकक्ष

और

ii. डेटा मैनेटमैंट या डेटा एनालिसिस या मार्केट एनालिसिस या उत्पादन या खपत के पूर्वानुमान और संबंधित क्षेत्र में अन्य आर्थिक मामलों के क्षेत्र में सरकारी विभागों या अर्ध सरकारी विभाग या सरकारी उपक्रमों या वस्त्र अनुसंधान संघों में दस वर्ष का अनुभव, जिसमें से पांच वर्ष प्रबंधकीय क्षमता में होना चाहिए।

3. फीडर श्रेणी के विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्ति पर आए पदाधिकारी पदोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे।

4. प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें केंद्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य संवर्ग-बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) की अवधि भी शामिल है, सामान्यतः पाँच वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) के नियम व शर्तें भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी प्रतिनियुक्ति के सामान्य नियमों व शर्तों के अनुसार शासित/नियमित होंगी।

5. आवेदक द्वारा निर्धारित प्रारूप में तीन प्रतियों में आवेदन, विधिवत हस्ताक्षरित करके, केवल उचित माध्यम से ही अग्रेषित किए जाएं। पात्र उम्मीदवारों के संबंध में, जिन्हें चयन की सूचना की तिथि से एक महीने के भीतर कार्यभार ग्रहण करने के लिए मुक्त किया जा सकता है, इस आवेदन को कैडर नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा कार्यालय प्रमुख या उनकी ओर से हस्ताक्षर करने के लिए अधिकृत अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित/प्रतिहस्ताक्षरित करके, निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ अग्रेषित किया जाए:-

i) आवेदक के संबंध में कैडर क्लीयरेंस (संलग्नक)

ii) अभ्यर्थी की मूल अद्यतन गोपनीय रिपोर्ट डोजियर या पिछले 5 वर्षों की एसीआर/एपीएआर की स्पष्ट और सुपाठ्य फोटोकॉपी, जो कम से कम भारत सरकार के अवर सचिव या समकक्ष पद के अधिकारी द्वारा सत्यापित हो।

iii) भारत सरकार के उप सचिव स्तर से नीचे के अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र।

iv) सतर्कता अनापत्ति प्रमाण-पत्र जिसमें यह दर्शाया गया हो कि संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक या आपराधिक कार्यवाही लंबित नहीं है या विचाराधीन नहीं है; तथा

v) पिछले 10 वर्षों के दौरान अभ्यर्थी पर लगाए गए बडी/छोटी शास्ति (यदि कोई हो) को दर्शाने वाला प्रमाण-पत्र या कोई दंड नहीं होने का प्रमाण-पत्र।

**{क्रमांक (iii) से (v) के संबंध में अलग से प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाए}**

5. चयन समिति द्वारा प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों का चयन करते समय विधिवत लगे हुए दस्तावेजों सहित जीवनवृत्त (सी.वी.) का मूल्यांकन किया जाएगा।

6. जो अधिकारी स्वेच्छा से पद के लिए आवेदन करेंगे, उन्हें बाद में अपना नाम वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों या ऊपर बताए गए दस्तावेजों के बिना अथवा इसके अलावा अधूरे आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

7. केंद्र/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों/विश्वविद्यालयों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/सांविधिक या स्वायत्त संगठनों के सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि वे इस रिक्ति परिपत्र को अपने अधीन कार्यरत पात्र अधिकारियों के ध्यान में लाएँ। आवेदन पत्र तीन प्रतियों में उचित माध्यम से अवर सचिव (प्रशासन) को इस रिक्ति परिपत्र के प्रकाशन की तिथि से या रोजगार समाचार में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर, जो भी बाद में हो, भेजा जाना चाहिए।

**संलग्न** : आवेदन प्रस्तुत करने के लिए जीवनवृत्त प्रोफार्मा।

**(अनुराग दीक्षित)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**

सेवा में,

1. कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग- रिक्ति परिपत्र का व्यापक प्रचार करने का अनुरोध किया जाता है।
2. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग।
3. सभी राज्य सरकारों को पात्र अधिकारियों के बीच पदों के परिचालन हेतु।
4. मुंबई स्थित सभी केन्द्रीय सरकारी कार्यालय।
5. वस्त्र मंत्रालय के सभी संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालय।
6. सरप्लस सेल, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
7. पुनर्वास महानिदेशालय, रक्षा मंत्रालय, आर.के.पुरम, नई दिल्ली।
8. नोटिस बोर्ड/गार्ड फ़ाइल

**<u>संयुक्त वस्त्र आयुक्त (आर्थिक मामले) के लिए जीवनवृत्त प्रपत्र</u>**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नाम और पता (स्पष्ट अक्षरों में) | |
| 2. | जन्म तिथि (ईसवी सन् में) | |
| 3. | i) सेवा में प्रवेश की तिथि | |
| | ii) केन्द्र/राज्य सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि | |
| 4. | शैक्षणिक योग्यता | |
| 5. | क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताएं पूरी की गई हैं। (यदि किसी योग्यता को नियमों में निर्धारित योग्यता के समतुल्य माना गया है, तो उसके लिए प्राधिकार बताएं) | |

| विज्ञापन / रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित आवश्यक योग्यता / अनुभव | अधिकारी की योग्यता/अनुभव |
|---|---|
| **अनिवार्य** | **अनिवार्य** |
| **क. योग्यता:**<br><u>प्रतिनियुक्ति के लिए :</u><br><u>I. केंद्र सरकार में कार्यरत अधिकारी</u><br>(क) (i) मूल कैडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश | |

| | |
|---|---|
| पद धारण किए हुए हों; **या**<br>(ii) मूल कैडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स (78800-209200 रुपये) के लेवल-12 में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद उस ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा।<br><br>ख. निम्नलिखित योग्यता और अनुभव रखने वाले, अर्थात्:-<br><br>**<u>अनिवार्य:</u>**<br><br>i. चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया संस्थान **या**<br>कॉस्ट एंड वर्क एकाउंटेंट्स संस्थान का सदस्य **या**<br>कंपनी सेक्रेटेरिएट ऑफ इंडिया या समकक्ष संस्थान की सदस्यता<br>**या**<br>ii. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान या समकक्ष संस्थान से वित्तीय प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए)<br>**या**<br>iii. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान या समकक्ष संस्थान से अर्थशास्त्र अथवा सांख्यिकी अथवा | |

| | | |
|---|---|---|
| वाणिज्य में मास्टर डिग्री और<br>डेटा प्रबंधन अथवा डेटा विश्लेषण या बाजार विश्लेषण अथवा उत्पादन भविष्यवाणी अथवा सम्बद्ध क्षेत्र में अन्य आर्थिक कार्य के संबंध में सरकार या अर्ध-सरकारी विभाग या सरकारी उपक्रम अथवा वस्त्र शोध संगठन में 10 वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए, जिसमें से पांच वर्ष का अनुभव प्रबंधन के रूप में होना चाहिए। | | |
| 5.1 डिग्री और स्नातकोत्तर योग्यता के मामले में, अभ्यर्थी द्वारा वैकल्पिक/मुख्य विषय और सहायक विषय का उल्लेख किया जाए। | | |
| 6. | कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि आपके द्वारा ऊपर दी गई प्रविष्टियों के आधार पर क्या आप पद के लिए अपेक्षित अनिवार्य योग्यताएं और कार्य अनुभव रखते हैं। | |

| 7. | कालानुक्रमिक क्रम में रोजगार का विवरण। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है तो इसे आपके विधिवत हस्ताक्षर द्वारा प्रमाणित करके एक अलग शीट संलग्न करें। |
|---|---|

| कार्यालय / संस्थान | नियमित आधार पर धारित पद | से | तक | *** नियमित आधार पर धारित पद का पे बैंड और ग्रेड पे/वेतनमान** | पद हेतु अपेक्षित अनुभव को दर्शाते हुए कर्तव्यों की प्रकृति (विस्तार में) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

*महत्वपूर्ण: ए.सी.पी./एम.ए.सी.पी. के अंतर्गत दिया जाने वाला वेतन-बैंड और ग्रेड वेतन अधिकारी के व्यक्तिगत होते हैं, इसलिए उनका उल्लेख नहीं किया जाए। केवल नियमित आधार पर धारित पद का पे-बैंड और ग्रेड पे/वेतनमान का ही उल्लेख किया जाए। वर्तमान पे-बैंड और ग्रेड पे के साथ ए.सी.पी./एम.ए.सी.पी. का विवरण, जहाँ उम्मीदवार द्वारा ऐसे लाभ प्राप्त किए गए हैं, निम्नलिखित रुप में दर्शाया जाए:

| कार्यालय/संस्था | एसीपी/एमएसीपी योजना के अंतर्गत वेतन, वेतन बैंड और ग्रेड वेतन | से | तक |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | वर्तमान रोजगार की प्रकृति अर्थात तदर्थ या अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी | |
| 9. | यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध के आधार पर है, तो कृपया बताएं:- | |

| क)प्रारंभिक नियुक्ति की दिनांक | ख)प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि | ग) आवेदक के मूल कार्यालय/ संगठन का नाम। | घ) संगठन में मूल संगठन में धारित पद का नाम और वेतन |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | |
|---|---|---|
| | 9.1 नोट: पहले से प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत अधिकारियों के मामले में, ऐसे अधिकारियों के आवेदन पत्र को मूल कैडर/विभाग द्वारा कैडर क्लीयरेंस, सतर्कता क्लीयरेंस और सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र के साथ संलग्न प्रपत्र में दिए गए सभी विवरणों के साथ अग्रेषित किया जाना चाहिए।<br><br>9.2 नोट: उपरोक्त कॉलम 9(सी) एवं (डी) के अंतर्गत सूचना उन सभी मामलों में दी जाए जब कोई व्यक्ति संवर्ग/संगठन के बाहर प्रतिनियुक्ति पर पद धारण कर रहा है, लेकिन अभी भी अपने मूल संवर्ग/संगठन में लिएन बनाए हुए है। | |
| 10. | यदि आवेदक द्वारा पूर्व में प्रतिनियुक्ति पर कोई पद धारण किया गया है, तो अंतिम प्रतिनियुक्ति से लौटने की तारीख और अन्य ब्यौरा। | |
| 11. | वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त विवरण<br>कृपया बताएं कि आप किसके अधीन काम कर रहे हैं (संबंधित कॉलम में अपने नियोक्ता का नाम दर्शाएं)<br><br>क. केंद्र सरकार<br>ख. राज्य सरकार<br>ग. स्वायत्त संगठन<br>घ. सरकारी उपक्रम<br>ङ. विश्वविद्यालय<br>च. अन्य | |
| 12 | कृपया बताएं कि क्या आप उसी विभाग में काम कर रहे हैं और क्या आप फीडर ग्रेड या फीडर से फीडर ग्रेड में कार्यरत हैं | |
| 13 | क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हाँ, तो संशोधन की तिथि बताएँ तथा संशोधन-पूर्व वेतनमान भी बताएँ। | |
| 14 | वर्तमान में प्रति माह प्राप्त कुल परिलब्धियां | |

| पीबी में मूल वेतन | ग्रेड वेतन | कुल परिलब्धियाँ |
|---|---|---|
| | | |

| | |
|---|---|
| 15 | यदि आवेदक किसी ऐसे संगठन से संबंधित है जो केंद्रीय सरकार के वेतनमान के अनुसार नहीं है, तो संगठन द्वारा जारी नवीनतम वेतन पर्ची, जिसमें निम्नलिखित विवरण दर्शाया गया हो, संलग्न किया जाए। |

| वेतनमान और वेतन वृद्धि दर के साथ मूल वेतन | महंगाई वेतन/अंतरिम राहत/अन्य भत्ते आदि (विवरण सहित) | कुल परिलब्धियाँ |
|---|---|---|
| | | |

| | |
|---|---|
| 16.क. आपने जिस पद के लिए आवेदन किया है, उसके लिए आपकी उपयुक्तता के समर्थन में उससे संबंधित **अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो।**<br><br>इसके अंतर्गत i) अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (iii) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित कार्य अनुभव से इतर जानकारी प्रदान की जा सकती है)<br><br>(नोट: यदि स्थान अपर्याप्त हो तो अलग से शीट संलग्न करें) | |
| **16.ख उपलब्धियां** :<br><br>अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित के संबंध में जानकारी दें;<br>i. शोध प्रकाशन एवं रिपोर्ट और विशेष प्रोजेक्ट्स<br>ii. पुरस्कार/छात्रवृत्ति/आधिकारिक अनुशंसा<br>iii. व्यावसायिक निकायों/संस्थाओं/समितियों से एफिलिएशन और<br>iv. अपने नाम पर अथवा संगठन के लिए प्राप्त पेटेंट<br>v. कोई भी शोध/इनोवेटिव उपाय जिसमें आधिकारिक मान्यता शामिल हो<br>vi. कोई भी अन्य जानकारी।<br>**(नोट: यदि स्थान अपर्याप्त हो तो अलग शीट** | |

| | |
|---|---|
| **संलग्न करें)** | |
| 17. कृपया बताएं कि क्या आप प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी)/एब्जार्प्शन/ पुनर्नियोजन आधार पर आवेदन कर रहे हैं। # (केवल केंद्र/राज्य सरकारों के अधीन अधिकारी "एब्जार्प्शन" के लिए पात्र हैं। गैर-सरकारी संगठनों के उम्मीदवार केवल अल्पकालिक अनुबंध के लिए पात्र हैं) | |
| #('एसटीसी'/ एब्जार्प्शन /पुनर्नियोजन का विकल्प केवल तभी उपलब्ध है जब रिक्ति परिपत्र में विशेष रूप से "एसटीसी" या " एब्जार्प्शन " या "पुनर्नियोजन" द्वारा भर्ती का उल्लेख किया गया हो) | |
| 18. क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं? | |

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यान से पढ़ा है और मुझे अच्छी तरह पता है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत आवश्यक योग्यता/कार्य अनुभव के संबंध में दस्तावेज लगे हुए करिक्यलम जीवनवृत्त में दी गई जानकारी का भी चयन समिति द्वारा पद के लिए चयन के समय मूल्यांकन किया जाएगा। मेरे द्वारा प्रदान की गई जानकारी/विवरण मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सही और सत्य हैं और मेरे चयन पर असर डालने वाले किसी भी महत्वपूर्ण तथ्य को छुपाया/नकारा नहीं गया है।

( )